भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2043

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 19 दिसंबर, 2022
28 अग्रहायण, 1944 (शक)

उत्तर प्रदेश में पुराने मंदिरों और मठों का पुनरुद्धार

2043. श्री रवि किशन:
श्री रविन्दर कुशवाहा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क)क्या सरकार देश में छोटे पर्यटक स्थलों को विकसित करने के लिए कोई योजना बना रही है ;
(ख)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार की उत्तर प्रदेश सहित देश में स्थित लोक महत्व के पुराने मंदिरों और मठों के पुनरुद्धार की कोई योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी, नहीं । संस्कृति मंत्रालय के तहत ऐसी कोई योजना नहीं है । तथापि, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षित स्मारकों/स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के लिए शौचालय, पेयजल, पथमार्ग, बेंचे, रैम्प्स, व्हीलचेयर्स, सांस्कृतिक सूचना बोर्ड (सीएनबी), संकेतक, कूड़ेदान, पार्किंग सुविधा आदि जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

(ग) और (घ): पुराने मंदिरों तथा मठों के नवीकरण की ऐसी कोई योजना नहीं है । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आवश्यकता, प्राथमिकता तथा संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार राष्ट्रीय महत्व के मंदिरों और मठों सहित संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण तथा रख-रखाव करता है, जोकि एक सतत् प्रक्रिया है ।

*****